सीता कंवर व अन्य बनाम मोतीलाल व अन्य

अपील/एलआर/2023/--104--

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपी0 अधि0 :— श्री राघवेन्द्र सिंह राणावत कैवि0अधि0 — श्री मदनपुरी गोस्वामी
23/5/2023	पत्रावली पेश हुई। अपीलान्ट व केवियटकर्ता रेस्पो0 संख्या 02 अधिवक्ता उपस्थित। अपीलान्ट अधिवक्ता प्रार्थना पत्र वास्ते शीघ्र सुनवाई कर जरिये अपील नोटप्रेस निरस्त किये जाने का प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रकरण मे पक्षकारो के मध्य आपसी समझाईस से राजीनामा हो चुका है जिस कारण प्रार्थीगण इस अपील का रेस्पोडेन्ट संख्या 01 से 07 तक के खातेदारी कि आराजी जो ग्राम चाचियावास से छातडी कदीमी रास्ते पर मूल साबिक खसरा संख्या 1217 रकबा 24—12—10 बीघा भूमि जिसके गत चौसाला नम्बर 1492 रकबा 17—17—10 बीघा एवं 149 रकबा 06—15—00 बीघा बने जिनके मिन खसरा संख्या 1492 मीन रकबा 1.89 है0 हाल नम्बर 1974 खसरा संख्या 1492 मीन रकबा 0.61 है0 हाल नम्बर 1970/2696, खसरा संख्या 1492 मीन रकबा 0.08 है0 हाल नम्बर 1974/2694, खसरा संख्या 1492 मीन रकबा 1.00 है0 हाल नम्बर 1972 स्थित है बाबत आगे नही चला कर जरिये नोटप्रेस निरस्त करवाना चाहते है। अपीलार्थीगण अपनी शेष आराजियात जो अन्य प्राधिकरण व व्यक्तियों के नाम दर्ज हो गई कि हद तक अपने समस्त अधिकार सुरक्षित रखते हुए अपील को जरिये नोटप्रेस निरस्त करवाने का निवेदन किया है। अपील दर्ज रजिस्टर हो। अपीलान्ट अभिभाषक की प्रार्थना पत्र पर हुई बहस पर मनन किया तथा प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों का अवलोकन किया गया। न्यायहित मे अपीलान्ट का प्रार्थना पत्र वास्ते नोटप्रेस किये जाने का स्वीकार किया जाता है तथा इस प्रकरण को इसी स्तर पर नोटप्रेस किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। 23/5/23 संभागीय आयुक्त अजमेर

Scanned with CamScanner